प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश में अगले 3 वर्षों में स्वास्थ्य संस्थानों को विश्वस्तरीय उपकरणों से लैस करने के लिए करीब 3 हज़ार करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने शिमला में चिकित्सा अधिकारियों के साथ आयोजित राज्यस्तरीय संवाद सत्र में कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य प्रशासन को मज़बूत बनाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रशासनिक ढांचे में वित्तीय शक्तियों का विकेन्द्रीकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रयासों से आगामी 3 वर्षों में हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में देश का नम्बर वन राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्थापित किए जा रहे आदर्श स्वास्थ्य संस्थान भी स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

विश्वकर्मा हाट

केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में पी.एम. विश्वकर्मा हाट 2026 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने एम.एस.एम.ई. को देश के विकास की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि ये आयोजन शिल्पकारों को उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्किटिंग का मंच उपलब्ध करवाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना का उल्लेख करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि ये योजना देश में बेरोज़गारी खत्म करने का माध्यम बनेगी। पीएम विश्वकर्मा हाट में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के सौ से अधिक कारीगर भाग ले रहे हैं। ये आयोजन 31 जनवरी तक चलेगा।

कारीगर

इस बीच, प्रदेश के कुल्लू, चम्बा और सोलन ज़िले से 4 कारीगर पी.एम. विश्वकर्मा हाट 2026 में भाग ले रहे हैं। इन कारीगरों द्वारा इस हाट में विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है। केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय सोलन के अधिकारी अशोक कुमार गौतम ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश की पारंपरिक शिल्प कौशल की समृद्ध विरासत का जश्न मनाना और उसका प्रदर्शन करना है।

चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए कल से नामांकन दर्ज किए जाएंगे। पार्टी के रिटर्निंग अधिकारी के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार इसके लिए नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक दर्ज किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच शाम 4 बजे से 5 बजे तक होगी और नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया शाम 6 बजे तक रहेगी। इस प्रक्रिया के बाद मंगलवार को मतदान होगा।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण को मोदी सरकार द्वारा उठाया गया अभूतपूर्व कदम बताया है। ऊना ज़िले में चिंतपूर्णी क्षेत्र के टकारला में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि ये केवल एक रोज़गार योजना नहीं बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लू प्रिंट है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस योजना से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि ये विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने में भी मददगार बनेगी। इस योजना को लेकर कांग्रेस के विरोध पर उन्होंने कहा कि ये महज़ एक राजनीतिक दिखावा है।

भाजपा

प्रदेश भाजपा ने आरोप लगाया है कि राज्य में कांग्रेस कार्यकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। पार्टी के मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि मनाली विधानसभा क्षेत्र के राउगी में राजस्व विभाग की टीम पर हुआ कथित हमला इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश में कानून का नहीं

बल्कि राजनीतिक दबंगों का राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कांग्रेस कार्यकाल में लगातार अपराध, हिंसा, अवैध कब्ज़े व प्रशासनिक अधिकारियों पर हमले होते रहे हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि सरकार का नियंत्रण पूरी तरह से कमज़ोर हो चुका है।

………………………………